साई तेरा ही हमको सहारा है

साई तेरा ही हमको सहारा है,
तेरे दम से ही अपना गुजारा है,
है भरोसा तेरा तू ही दाता मेरा तू ही सुख दुःख का साथी हमारा है,
साई तेरा ही हमको सहारा है,

हे दयालु तेरे मैं शरण में पड़ा तेरे दर पे ही जीवन बिताना है,
और जाऊ कहा मैं तुझे छोड़ के तेरे चरणों में मेरा ठिकाना है,
साई तेरा ही हम को सहारा है,

हर घडी है तेरी साई मुझपर नजर मेरे सिर पर तेरा नाथ साया है,
जब जरूत पड़ी मुझको साई तेरी,
साथ मेरा सदा ही निभाया है,
साई तेरा ही हमको सहारा है,

सोनू नादान है भूल हो जाये तो अपने दिल से कभी तू भुलाना नहीं,
इक पल भी तेरे जी ना पाएंगे हम ,
छोड़ कर दूर हमसे जाना नहीं,
साई तेरा ही हमको सहारा है,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10414/title/sai-tera-hi-hum-ko-sahara-hai-tere-dam-se-hi-apna-gujaara-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |